



नवभारत
इंदौर, गुरुवार, 21 अगस्त, 2025




## एक नजर में

### 72 घंटे में गरोठ पुलिस ने तीन नाबालिग बालिकाओं को सकुशल दस्तयाब किया

**गरोठ।** नगर के विमुक्त जाति कन्या छात्रावास से लापता हुई तीन नाबालिग बालिकाओं को गरोठ पुलिस ने मात्र 72 घंटे के भीतर सकुशल दस्तयाब कर सराहनीय सफलता प्राप्त की। जानकारी अनुसार छात्रावास अधीक्षिका डॉ. कृष्णा सकवार ने 16 अगस्त को थाने पर रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि तीन नाबालिग छात्राएं छात्रावास परिसर से बिना बताए कहीं चली गई हैं। इस पर थाना गरोठ में अपराध क्रमांक 336/25, 337/25 एवं 338/25 धारा 137(2) बीएनएस के तहत प्रकरण पंजीबद्ध कर जांच प्रारंभ की गई।

पुलिस अधीक्षक मंदसौर अभिषेक आनंद एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हेमलता कुरील के मार्गदर्शन में एसडीओपी विजय कुमार यादव व थाना प्रभारी हरीश मालवीय ने अलग-अलग टीम गठित कर तलाश शुरू की। टीमों ने गरोठ से इंदौर तक के करीब 500 सीसीटीवी फुटेज खंगाले और मुखबिर तंत्र की मदद से बालिकाओं के रूट का पता लगाया। इस दौरान बालिकाएं गरोठ, नागदा, चित्तौड़गढ़, दिल्ली (लाल किला) होते हुए पुन: इंदौर पहुंची थीं। अंतत: तीनों को खजराना गणेश मंदिर, इंदौर से सकुशल बरामद किया गया।

पुलिस पूछताछ में बालिकाओं ने बताया कि वे केवल घूमने के उद्देश्य से बाहर गई थीं तथा उनके साथ किसी अप्रिय घटना का घटित नहीं हुआ।

इस सराहनीय कार्य में एसडीओपी विजय कुमार यादव, थाना प्रभारी हरीश मालवीय, उपनिरीक्षक जितेन्द्र सिंह चौहान, प्रआर जगन्नाथ गुर्जर, चालक गोपाल झाला, प्रआर जीवनसिंह, आर रामकरण गुर्जर एवं आर संजय देतंवार का विशेष योगदान रहा।

### कार लूटने की नीयत से ड्राइवर की हत्या, तीन आरोपियों को आजीवन कारावास

**सीतामऊ/मंदसौर।** अपर सत्र न्यायाधीश मुनेन्द्र सिंह वर्मा, सीतामऊ की अदालत ने कार लूटने की नीयत से ड्रायवर की हत्या करने वाले तीन आरोपियों को दोषी पाते हुए आजीवन कारावास एवं जुर्माने की सजा सुनाई। अभियोजन मीडिया सेल प्रभारी एडीपीओ बलराम सोलंकी ने बताया कि 11 जनवरी 2021 को आरोपी राहुलसिंह राजपूत निवासी बैलारा, पंकज टेलर निवासी बैलारा एवं विशाल सूर्यवंशी निवासी लोध ने किराये की कार मंगवाकर ड्रायवर अनिल की हथौड़ी से हत्या कर कार लूट ली थी। अगले दिन सुबह अनिल का शव महू-नीमच बायपास पर ग्राम हैदरवास के जंगल में झाड़ियों से बरामद हुआ। घटना के बाद सक्रिय पुलिस टीम ने राजस्थान सीमा पर कार समेत आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पूछताछ में आरोपियों ने हत्या और लूट की वारदात स्वीकार की। मामले की विवेचना निरीक्षक अमित सोनी व उपनिरीक्षक कपिल सौराष्ट्री ने की। अपर सत्र न्यायाधीश ने अभियोजन द्वारा प्रस्तुत साक्ष्यों व तर्कों के आधार पर आरोपीगण को धारा 302 भादवि में आजीवन कारावास की सजा सुनाई। प्रकरण में अभियोजन का संचालन विजय कुमार पाटीदार, एस.आर. गरवाल एवं बिहारी बघेल एडीपीओ ने किया। प्रकरण की सतत मॉनिटरिंग एसडीओपी सीतामऊ दिनेश प्रजापति ने की, जबकि थाना प्रभारी मोहन मालवीय एवं पुलिस टीम ने सक्रिय सहयोग प्रदान किया।

### सीतामऊ में आज से श्रीमद् भागवत ज्ञान महोत्सव का शुभारंभ

**सीतामऊ।** नगर के प्रमुख श्री गोवर्धन नाथ मंदिर परिसर में आज गुरुवार 21 अगस्त को नौ दिवसीय श्रीमद् भागवत ज्ञान महोत्सव का शुभारंभ विधिपूर्वक सुबह 10-30 बजे होगा। महोत्सव की पूर्णाहुति 29 अगस्त, शुक्रवार को भव्य शोभायात्रा के साथ की जाएगी। आयोजन में नगर के प्रख्यात भागवत आचार्य पं. विजय शंकर द्विवेदी अपने मुखारविंद से प्रतिदिन प्रात: 9-30 से 12 बजे तथा दोपहर 2 से 5 बजे तक आध्यात्मिक प्रवचन देंगे। मंदिर प्रबंध समिति द्वारा महोत्सव हेतु आकर्षक सजावट एवं विद्युत डेकोरेशन किया गया है। भक्तजनों में कार्यक्रम को लेकर विशेष उत्साह है।

## प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह

नवभारत न्यूज

**पिपलियामण्डी। पोरवाल महिला मंडल पिपलियामंडी द्वारा दो दिवसीय प्रतिभावान छात्राओं का सम्मान समारोह समाजजनों की उपस्थिति में पोरवाल धर्मशाला में संपन्न हुआ। महिलाओं द्वारा छप्पन भोग का भव्य आयोजन किया गया तथा भगवान को भोग अर्पित किया।** प्रतिभा सम्मान समारोह में कक्षा 10 वीं एवं 12 वीं में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को अतिथियों द्वारा सम्मानित किया गया। इसी अवसर पर मंडल द्वारा एक नई पहल एक शाम भारत माता के नाम के अंतर्गत महिलाओं ने देशभक्ति गीतों पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुत किए। अतिथि अखिल भारतीय पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल, युवा संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष नरेंद्र उदिया, राष्ट्रीय महामंत्री मांगीलाल सेठिया, संरक्षक गोविंद डबकरा, कैलाश फरक्या, कैलाश धनोतिया, महिला महासभा अध्यक्ष सुनीता मुजावदिया, महामंत्री गायत्री डबकरा (गरोठ) कोषाध्यक्ष ललिता गुप्ता तथा नगर पालिका परिषद मंदसौर की सभापति शांति फरक्या सहित अनेक गणमान्य उपस्थित रहे। राष्ट्रीय अध्यक्ष मुकेश पोरवाल ने कहा कि समाज को अंतरजातीय विवाह का विरोध करना चाहिए। महिला मंडल पिपलियामंडी की अध्यक्ष किरण फरक्या, उपाध्यक्ष रीना गुप्ता, शशि मोदी, ममता धनोतिया, मनीषा धनोतिया, चंदा गुप्ता मौजूद रही। संचालन मुकेश पोरवाल ने किया।



### जिले में अब तक 556.4 मि.मी. औसत वर्षा दर्ज

**मंदसौर। जिले में इस वर्ष अब तक औसतन 556.4 मि.मी. वर्षा दर्ज की गयी है। जब कि पिछले 24 घन्टों में मंदसौर जिले में 10.6 मिमी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।** पिछले 24 घन्टों में मंदसौर में 14.0 मि.मी., सीतामऊ में 16.2 मि.मी., सुवासरा में 20.0 मि.मी., गरोठ में 2.6 मि.मी., भानपुरा में 0 मि.मी., मल्हारगढ़ मे 22.0 मि.मी., धुधंड़का में 24.0 मि.मी., शामगढ़ में 4.6 मि.मी., संजीत में 2.0 मि.मी., कयामपुर में 7.0 मि.मी. एवं भावगढ़ में 5.0 मि.मी वास्तविक वर्षा दर्ज की गई है।विगत 1 जून से अब तक वर्षा मापक केन्द्र मंदसौर में 575.0 मि.मी., सीतामऊ में 486.4 मि.मी. सुवासरा में 411.6 मि.मी., गरोठ में 541.2., भानपुरा में 1347.8, मल्हारगढ़ मे 324.0 मि.मी.



### गुणवत्ता और समयसीमा में पूर्ण हों जल जीवन मिशन के कार्य : कलेक्टर

**मंदसौर। कलेक्टर अदिती गर्ग ने आज डिगावमाली, बिलांत्री, कमालपुरा, दलखेड़ी एवं गुड़भेली गांव में जल जीवन मिशन अंतर्गत किए जा रहे कार्यों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान कार्यों की धीमी प्रगति एवं लापरवाही पर उन्होंने गहरी नाराज़गी व्यक्त की। इस अवसर पर सीईओ जिला पंचायत अनुकूल जैन सहित जल निगम एवं पीएचई के अधिकारी उपस्थित रहे।**

कलेक्टर ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि जल जीवन मिशन के कार्यों को गुणवत्ता के साथ निर्धारित समयसीमा में पूर्ण किया जाए। प्रत्येक गांव में पर्याप्त मात्रा में पेयजल उपलब्ध होना चाहिए, किसी भी घर को इस मिशन से वंचित न रखा जाए। पाइपलाइन गहरी एवं मजबूती से डाली जाए ताकि टूट-फूट की स्थिति न बने। अधूरे कार्यों को शीघ्र पूर्ण करने तथा लापरवाही बरतने वाले ठेकेदारों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही कर उनके भुगतान रोकने के भी निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि जिन कार्यों की गुणवत्ता संतोषजनक नहीं है, उन्हें हैंडओवर नहीं किया जाएगा। ठेकेदारों के कारण क्षतिग्रस्त हुई सड़कों व पाइपलाइनों की मरम्मत ठेकेदारों से ही करवाई जाए।

## सीतामऊ में अपर्याप्त वर्षा पर बढ़ी चिंता, 21 अगस्त को उज्जैनी मनाने की अपील

**सीतामऊ। नगर व अंचल में इस वर्ष मानसून अब तक सामान्य नहीं रहा है। कछुए की चाल से हुई वर्षा के चलते अब तक केवल 470 मिमी (लगभग 19 इंच) वर्षा दर्ज की गई है, जबकि यहां औसत वर्षा 35 इंच से अधिक है। झमाझम बारिश नहीं होने से कुओं व अन्य पेयजल स्त्रोतों का जलस्तर अपेक्षित रूप से नहीं बढ़ पाया है तथा खरीफ फसलों पर संकट मंडरा रहा है।** ग्रामीण अंचलों में उज्जैनी मनाने का सिलसिला जारी है। इसी क्रम में नगर परिषद अध्यक्ष मनोज शुक्ला ने 21 अगस्त, गुरुवार को नगर में उज्जैनी मनाने की अपील की है। उन्होंने व्यापारियों से अपने प्रतिष्ठान बंद रखने तथा शैक्षणिक संस्थानों में स्वैच्छिक अवकाश घोषित कर इंद्रदेव की पूजा-अर्चना में सहभागी बनने का अनुरोध किया है।विवेकानंद उमावि के संस्थापक अशोक जैन ने अपनी संस्था का अवकाश घोषित कर नगर परिषद एवं सामाजिक संगठनों केआयोजन में अपील की है।




### विश्व मच्छर दिवस पर नरसिंहपुरा में जनजागरूकता रैली आयोजित

**मंदसौर। विश्व मच्छर दिवस के अवसर पर आज नरसिंहपुरा क्षेत्र में जनजागरूकता रैली का आयोजन किया गया। यह रैली जिला मलेरिया विभाग द्वारा आयोजित की गई।**

जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. दीपा पाठक ने बताया कि प्रतिवर्ष 20 अगस्त विश्व मच्छर दिवस के रूप में मनाया जाता है। इसका उद्देश्य आमजन को मच्छरों की उत्पत्ति स्थल एवं स्त्रोतों के प्रति जागरूक करना है, ताकि मच्छरजनित स्त्रोतों को नष्ट या नियंत्रित कर मच्छरों से बचाव किया जा सके और मच्छरों से फैलने वाली बीमारियों से सुरक्षा मिल सके।

रैली में शासकीय माध्यमिक विद्यालय नरसिंहपुरा के छात्र-छात्राओं एवं स्टाफ ने भाग लिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों एवं ग्रामीणों को मच्छरों से होने वाली बीमारियों जैसे डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया आदि से बचाव के उपाय बताए गए। साथ ही क्षेत्र में लार्वा सर्वे एवं दवाइयों का छिड़काव भी किया गया।

**एक नजर** | मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन का बहुआयामी आयोजन

## फोटोग्राफी दिवस पर सेवा, सम्मान और संकल्प

**मंदसौर। मंदसौर जिला फोटोग्राफर एसोसिएशन ने विश्व फोटोग्राफी दिवस पर सेवा कार्य, पौधरोपण और सम्मान जैसे बहुआयामी कार्यक्रमों के साथ समाज और पर्यावरण के प्रति अपनी जिम्मेदारी का संदेश दिया।**

कार्यक्रम की शुरुआत वात्सल्यधाम पहुंचकर वरिष्ठजनों का आशीर्वाद लेने से हुई। यहां बुजुर्गों की सुविधा हेतु छह कुर्सियां भेंट की गईं। इसके बाद फोटोग्राफर देवडूंगरी माताजी मंदिर पहुंचे, जहां दर्शन-वंदन कर पौधरोपण किया गया।



इस अवसर पर वरिष्ठ फोटोग्राफर सुधीर शर्मा (गोपी स्टूडियो), विनोद विनायका (काला फोटो लेब) और श्याम ब्रिजवानी (ब्रिजवानी स्टूडियो) को शाल, श्रीफल और प्रतीक चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया गया। वरिष्ठ फोटोग्राफर मंगल शर्मा का जन्मदिवस भी हर्षोल्लास से मनाया गया।

पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ फोटोग्राफर सुधीर शर्मा ने कहा कि फोटोग्राफी केवल कला नहीं, क्षणों को अमर बनाने की विद्या है। एक तस्वीर शब्दों से अधिक प्रभाव छोड़ सकती है।

कार्यक्रम में एसोसिएशन अध्यक्ष गजेन्द्र जायसवाल, सचिव मुकेश कनेसरिया सहित बड़ी संख्या में फोटोग्राफर मौजूद रहे। अंत में केक काटकर विश्व फोटोग्राफी दिवस की बधाइयाँ दी गईं। आभार सचिव मुकेश कनेसरिया ने व्यक्त किया।

# नीमच

## एक नजर में

### स्वास्थ्य विभाग द्वारा सरवानिया महाराज में एक क्लीनिक सील

**नीमच।** स्वास्थ्य विभाग की टीम द्वारा ग्राम सरवानिया महाराज में नोबल नर्सिंग केयर क्लिनिक की आकस्मिक जांच बुधवार को की गई। मुख्य चिकित्सा में स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.आर.के.खद्योत के निर्देशानुसार की गई इस जांच, दल में डॉ.बी.एल.सिसोदिया (डी.एच.ओ.)एवं बी.एम.ओं., डॉ.राजेश मीणा एवं डॉ.संदीप शर्मा, मेडिकल ऑफिसर सरवानिया महाराज ने अवैध रूप से संचालित उक्त क्लिनिक को सील कर दिया हैं। प्रकरण में आगामी कार्रवाई स्वास्थ्य विभाग द्वारा की जा रही हैं। यह जानकारी बी.एम.ओं.जावद डॉ.राजेश मीणा ने दी हैं।



### फसल हुई खराब, तो किसान पहुंचे विधायक के पास, फिर माधव मारु ने कलेक्टर से की चर्चा



**मनासा।** मनासा विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत जालिनेर, बामणी, अरनियामाली, अचलपुरा, ढाकनी, खेतपालिया सहित अन्य ग्रामों के किसान बुधवार को मनासा विधायक कार्यालय पहुंचे और विधायक अनिरुद्ध माधव मारू को सोयाबीन की फसल में पिला मोजैक कीट के प्रकोप से हुए भारी नुकसान संबंधी सूचना एवं आवेदन दिए। किसानों की मांग पर विधायक मारू ने कहा, इस संबंध में मैंने जिला कलेक्टर से संपर्क कर प्रभावित क्षेत्रों का त्वरित सर्वे कराने का अनुरोध किया है। साथ ही मुख्यमंत्री मोहन यादव को पत्र लिखकर प्रभावित किसानों को उचित मुआवजा प्रदान करने की मांग भी की है। निश्चित रूप से, विधानसभा क्षेत्र के किसानों कीफसल हानि की पूरी जानकारी मुख्यमंत्री को अवगत करा दी गई है।

### शिक्षक कॉलोनी बालाजी मंदिर बगीचे में हुआ पौधारोपण

**नीमच।** नगर पालिका परिषद नीमच द्वारा पौधारोपण अभियान के तहत मंगलवार को शिक्षक कॉलोनी स्थित बालाजी मंदिर बगीचे में नगर पालिका के स्वास्थ्य सभापति श्री धर्मेश पुरोहित की उपस्थिति में पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान स्वास्थ्य सभापति श्री पुरोहित ने क्षेत्र वासियो के साथ विभिन्न प्रजातियों के पौधे रोपकर वार्ड वासियों को पौधों की सुरक्षा का संकल्प दिलाया! इस दौरान बगीचा शाखा प्रभारी श्री महावीर जैन, श्री जुनैद पठान, कर सलाहकार श्री बंशीलाल धनोतिया सहित अनेक महिला पुरुष उपस्थित थे।

## पाप कर्मों से मुक्ति प्राप्त करने की साधना का पवित्र अवसर पर्युषण महापर्व हैं : सौम्य दर्शना

▸ महावीर जिनालय पर्युषण धर्म श्रृंखला शुभारंभ

**नीमच। पर्यूषण पर्व के समय पानी का कम से कम उपयोग करने का प्रयास करना चाहिए इससे जीव दया का पालन होता है।जीव की हत्या के पाप से बचने का अवसर मिलता है।**

संसार में रहते हुए मनुष्य से चारों ओर होने वाले कर्म ,व व्यापार में जाने अनजाने भूल वश होने वाले पाप कर्मों का क्षय करने के लिए आत्मा को पवित्र करने साधना आराधना तपस्या करने का पवन महापर्व पर्युषण अवसर है। पाप कर्मों से मुक्ति प्राप्त करने का अवसर है।यह बात साध्वी सौम्य दर्शना श्री जी मसा ने कहीं। वे श्री जैन श्वेतांबर महावीर जिनालय ट्रस्ट एवं चातुर्मास समिति विकास नगर के तत्वाधान में साध्वी सौम्या दर्शना श्री जी महाराज साहब आदि ठाणा 4के चातुर्मास में पर्युषण पर्व के उपलक्ष्य में आयोजित धर्म सभा में बोल रही थे। उन्होंने कहा कि यदि हम 1 घंटे तक साधना आराधना करते हैं तब भी हम पाप कर्म से बच जाते हैं। उसी प्रकार पर्युषण पर्व में हम पुण्य कर्मों को अच्छे भाव से तपस्या का बीज बोए तो हमारी आत्मा पवित्र होगी।



> साध्वी अक्षय दर्शना श्री जी महाराज साहब ने कहा कि प्रतिदिन प्रतिक्रमण सामयिक करें, तपस्या रात्रि भोजन का त्याग करना चाहिए। जरूरतमंद भाइयों को सहयोग दें यही सच्चा साधर्मिक वात्सल्य होता है।चातुर्मास धर्म सभा में महावीर जिनालय ट्रस्ट अध्यक्ष राकेश जैन आंचलिया ने भी अपने विचार व्यक्त किएऔर बताया कि आज गुरुवार सुबह साध्वी जी महाराज कल्प सूत्र में साहब 11 कर्तव्य के वर्तमान परिपेक्ष्य में महत्व पर प्रकाश डालेंगे। चातुर्मास समिति संयोजक राजमल छाजेड़ ने गीत प्रस्तुत किया। सचिव राजेंद्र बंबोरिया ने सामुहिक गुरु वंदना करवाई। धर्म सभा में साध्वी मसा से श्रावक श्राविकाओं ने एकासना, बियासना ,उपवास आयम्बिल तपस्या का पंचखान संकल्प लेकर आशीर्वाद ग्रहण किया। धर्म सभा में बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे।

### युवक की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत

**नीमच।जिले के जीरन थाना क्षेत्र के सिमखेड़ा गांव में एक दर्दनाक हादसा हुआ, जिसमें 30 वर्षीय युवक की जेसीबी मशीन की चपेट में आने से मौत हो गई। युवक अपने खेत पर काम कर रहा था, तभी अचानक यह हादसा हुआ। सिमखेड़ा निवासी पवन पिता रमेश बावरी अपने खेत में जेसीबी मशीन पर कुछ काम कर रहे थे।**



जानकारी के अनुसार जेसीबी मशीन का एक भारी हिस्सा अचानक टूटकर उनकी गर्दन पर गिर गया। यह चोट इतनी गंभीर थी कि पवन की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे के तुरंत बाद, पवन को जिला अस्पताल ले जाया गया। जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। अस्पताल में शव का पोस्टमार्टम किया गया और पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर लिया है। इस दुखद घटना से पूरे गांव में मातम पसरा हुआ है।



### सद्भावना शपथ के साथ जाजू महाविद्यालय में सद्भावना पखवाड़े का हुआ शुभारंभ

**नीमच। श्री सीताराम जाजू शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा आज सद्भावना दिवस मनाया गया।** शासन के निर्देशानुसार 20 अगस्त जो कि पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधीजी जन्म दिवस को सद्भावना दिवस के रूप में मनाया जाता है यह दिन भारत में राष्ट्रीय एकता, शांति, सहानुभूति और सांप्रदायिक सद्भाव को बढ़ावा देने के लिए समर्पित है। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. प्रतिभा कॉलानी ने महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों एवं छात्रों को सद्भावना शपथ दिलवाई। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ रश्मि वर्मा ने बताया कि सद्भावना पखवाड़ा अंतर्गत विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा । स्लोगन लेखन प्रतियोगिता निबंध लेखन प्रतियोगिता रंगोली प्रतियोगिता भाषण प्रतियोगिता एवं फोटोग्राफी प्रतियोगिता इन सभी प्रतियोगिताओं की सूचना महाविद्यालय के नोटिस बोर्ड पर लगा दी जाएगी और सहभागिता करने वाली छात्राओं को सहभागिता प्रमाण-पत्र प्रदान किए जाएंगे ।

**एक नजर** | जीरन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी ने मनाई पूर्व प्रधानमंत्री स्व. राजीव गांधी जी की जयंती

## देश में पंचायती राज, संचार क्रांति राजीव गांधी की देन : बाहेती

**जीरन। देश में कंप्यूटर युग एवं संचार क्रांति के जनक पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी हैं । राजीव जी ने देश के युवाओं को 18 वर्ष के युवाओं को मताधिकार करने का अधिकार दिया। युवाओं को आगे लाने में तथा देश को नई दिशा देने के लिए पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी जी के कार्य अविस्मरणीय है।**

उक्त विचार जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने जीरन ब्लॉक कांग्रेस द्वारा आयोजित राजीव गांधी जी की जन्म जयंती आयोजन में व्यक्त किए। जिलाध्यक्ष बाहेती ने कहा की भारत को 21 वीं सदी में ले जाने का काम राजीव जी ने किया। राजीव गाँधी जी ने पंचायती राज का विकेंद्रीकरण कर महिलाओं को पंचायती राज में 30त्न आरक्षण दिया। राजीव गाँधी जी को देश को 21वीं सदी में पहुंचाने के लिए सदैव याद किया जाएगा। इस अवसर पर बाहेती ने नीमच जिला अध्यक्ष की नियुक्ति के लिए भी शीर्ष नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। बुधवार को जीरन के नीम चौक में जीरन ब्लॉक कांग्रेस द्वारा राजीव गांधी की जन्म जयंती मनाई गई सर्वप्रथम जिला कांग्रेस अध्यक्ष तरुण बाहेती ने पूर्व प्रधानमंत्री राजीव गांधी के चित्र पर माल्यार्पण कर कार्यक्रम की शुरुआत करी। जीरन ब्लॉक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष विनोद दक ने कहा की राजीव जी के प्रयासों से संचार क्रांति के माध्यम से देश में मोबाइल क्रांति तकनीकी शिक्षा का विस्तार हुआ।



राजीव जी ने देश के नौजवानों को आगे बढ़ाने का काम किया। कार्यक्रम में नगर पंचायत अध्यक्ष रामकरण संगवारिया पूर्व सरपंच मोहनसिंह जाट, पूर्व सरपंच मोहनसिंह तोमर, जिला इंटक उपाध्यक्ष श्यामसुंदर मेरावत ने भी अपने विचार व्यक्त किए।



### नीमच को मिला बेस्ट केवीके अवार्ड एवं जिले के नरेन्द्र पाटीदार को मिला कृषक फेलो सम्मान

**नीमच। राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर के 18 वें स्थापना दिवस के अवसर पर कृषि विज्ञान केन्द्र, नीमच को वर्ष 2024-25 का बेस्ट केविके का अवार्ड प्राप्त हुआ। अवार्ड को केन्द्र के प्रधान वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. सी. पी. पचौरी ने प्राप्त किया।** कार्यक्रम कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर के दत्तोपंत ठेंगड़ी सभागृह में दिनॉक 19 अगस्त 2025 को सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ एस. के. जैन कुलपति बरकातुल्ला विश्व विद्यालय, भोपाल एवं अध्यक्ष प्रो. ए. के. शुक्ला, माननीय कुलपति राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्व विद्यालय ग्वालियर ने की। विशिष्ठ अतिथि के रुप में मान. विधायक एवं प्रमण्डल सदस्य साहबसिंह गुर्जर, प्रमण्डल सदस्य डॉ मधुसुदन शर्मा, श्रवणलाल धाकड़, श्री भवानीशंकर शर्मा के साथ निदेशक विस्तार सेवाएँ, निदेशक अनुसंधान सेवाएँ, कुलसचिव एवं वित्त नियंत्रक भी सम्मिलित थे.